# राजस्थान समसामयिकी जून, 2022

# राजस्थान समसामयिकी जून, 2022
# (Current News from Daily News Papers)

## News Paper of 1 June, 2022

- **जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान को स्वर्ण पदक मिला–**

हाल ही में पंजाब में आयोजित जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते राजस्थान को दोहरी सफलता मिली है जिसमें बालक वर्ग में राजस्थान ने पहली बार स्वर्ण पदक जीता है तथा बालिका वर्ग में राजस्थान को 40 वर्ष बाद रजत पदक मिला है। इससे पहले बालिका टीम ने 1980 में सिल्वर और 1977 में गोल्ड मेडल जीता था।

- **बास्केटबॉल में राजस्थान टीम ने स्वर्ण पदक जीता–**

हाल ही में बास्केटबॉल फैडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में बैंगलूरू में आयोजित आइएनबीएल 3इनटू3 नेशनल में राजस्थान जूनियर बालक टीम ने स्वर्ण पदक जीता। फाइनल मैच में राजस्थान बालक टीम ने चंडीगढ़ को 21-10 से हराकर खिताब पर कब्जा किया।

- **अनुष्का सिंह ने 'स्ट्रॉन्ग वुमन ऑफ राजस्थान' का खिताब जीता–**

हाल ही में आयोजित राजस्थान राज्य सब जूनियर व जूनियर (महिला, पुरुष) पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जयपुर की पावर लिफ्टर अनुष्का सिंह ने 84 किलोग्राम भार वर्ग में 325 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अनुष्का ने सब जूनियर महिला कैटेगरी में 'स्ट्रॉन्ग वुमन ऑफ राजस्थान' का खिताब भी जीता।

राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् की चेयरमैन ओलंपियन डॉ. कृष्णा पूनिया हैं।

## News Paper of 2 June, 2022

- **राजस्थान का तीसरा एयर कार्गो शुरू—**

1 जून, 2022 को सांगानेर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जयपुर पर राजस्थान का तीसरा एयर कार्गो शुरू हुआ। नए एयर कार्गो की कस्टोडियन एयरपोर्ट अथोरिटी ऑफ इंडिया की 100 प्रतिशत सब्सिडरी कम्पनी लॉजिस्टिक्स एंड एलाइड सर्विस कंपनी लिमिटेड (आईक्लास) को दी गई। राजस्थान का पहला एयर कार्गो राजसीको द्वारा सांगानेर स्थित टर्मिनल-1 परिसर में संचालित है तथा दूसरा निजी क्षेत्र का एयर कार्गो है जो डिग्गी हाउस से संचालित किया जा रहा है।

## News Paper of 3 June, 2022

- **उदयपुर जिले में चावण्ड में महाराणा प्रताप पैनोरमा बनेगा–**

2 जून, 2022 (ज्येष्ठ शुक्ल, तृतीया) महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चावण्ड में महाराणा प्रताप पैनोरमा बनाने की घोषणा की। इस पर ₹ 5 करोड़ खर्च किए जाएंगे। चावण्ड महाराणा प्रताप की संकटकालीन राजधानी और समाधि स्थल है।

चावण्ड स्थित बनने वाली पैनोरमा में महाराणा प्रताप के जीवन संघर्ष तथा तत्कालीन मेवाड़ की सभ्यता व संस्कृति का चित्रण किया जाएगा।

## News Paper of 4 June, 2022

- **कविता सुथार भारतीय महिला वॉलीबॉल टीम की कप्तान बनीं–**

हनुमानगढ़ की कविता सुथार 23वीं एशियन अंडर 18 महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम की कप्तान चुनी गई हैं। कविता सुथार 6 से 15 जून तक थाइलैंड में होने वाली 23वीं अंडर 18 महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी।

## News Paper of 5 June, 2022

- **इन्दिरा गाँधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के पोर्टल का लोकार्पण–**

4 जून, 2022 को राजस्थान में स्थानीय निकायों द्वारा 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने हेतु इन्दिरा गाँधी शहरी रोजगार गारंटी योजना का लोकार्पण किया गया। इसका लोकार्पण नगरीय विकास मंत्री शांतिलाल धारीवाल ने किया। इस योजना के तहत मनरेगा की तर्ज पर शहरी क्षेत्र के लोगों का जन आधार कार्ड के जरिए पंजीयन किया जाएगा तथा 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## News Paper of 8 June, 2022

- **राजस्थान 'फूड सेफ्टी इंडेक्स' में टॉप-10 में आया–**

हाल ही में जारी केन्द्र सरकार के फूड सेफ्टी स्टेंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली की ओर से वर्ष 2021-22 की 'फूड सेफ्टी इंडेक्स' की रिपोर्ट में राजस्थान टॉप-10 में रहा है। राजस्थान को फूड टेस्टिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर व सर्विलेंस, मेन पावर, प्रशिक्षण, जागरूकता, उपकरणों व कंज्यूमर एंपावरमेंट के मामले में 100 में से 50-50 अंक मिले हैं। राजस्थान रैंकिंग में 10वें स्थान पर रहा है।

राजस्थान की वर्षवार रैंकिंग में इसे 2019-20 में 11वीं, 2020-21 में 18वीं और 2021-22 में 10वीं रैंकिंग मिली है।

फूड सेफ्टी इंडेक्स में टॉप-10 राज्य निम्न हैं–

| राज्य | प्राप्त अंक | स्थान (रैंक) |
|---|---|---|
| तमिलनाडु | 82 | 1 |
| गुजरात | 77.5 | 2 |
| महाराष्ट्र | 70 | 3 |
| हिमाचल प्रदेश | 65.5 | 4 |
| पश्चिमी बंगाल | 58.5 | 5 |
| मध्य प्रदेश | 58.5 | 5 |
| केरल | 57 | 6 |
| उत्तराखण्ड | 55 | 7 |
| ओडिशा | 54.5 | 8 |
| उत्तर प्रदेश | 54.5 | 8 |
| कर्नाटक | 52.10 | 9 |
| राजस्थान | 50.5 | 10 |

## News Paper of 9 June, 2022

- **राणा प्रताप सागर बांध पर बने हाइड्रिल बिजलीघर की 43 मेगावाट की इकाई से 33 माह बाद पुनः विद्युत उत्पादन शुरू हुआ इससे प्रतिदिन 10.32 लाख यूनिट बिजली मिलेगी–**

8 जून, 2022 को राणा प्रताप सागर बांध पर बने हाइड्रिल बिजलीघर की 43 मेगावाट की एक और इकाई में विद्युत उत्पादन शुरू हुआ। इसके पूर्ण क्षमता से कार्य करने पर प्रतिदिन 10.32 लाख यूनिट विद्युत उत्पादन हो सकेगा।

इस बिजलीघर में 4 इकाइयाँ हैं जो 14 सितम्बर, 2019 को जलमग्न हो गई थी जिससे इसमें चारों इकाइयों में विद्युत उत्पादन बंद हो गया था। इसमें 1 इकाई से दिसम्बर, 2021 तथा दूसरी इकाई में जून, 2022 (33 माह बाद) से पुनः विद्युत उत्पादन शुरू हुआ।

## News Paper of 10 June, 2022

- **राजस्थान में इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) की तर्ज पर राजस्थान प्रीमियर लीग (RPL) कराने की योजना–**

राजस्थान में सितम्बर, 2022 में इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) की तर्ज पर राजस्थान प्रीमियर लीग (RPL) कराने की योजना है। इस संबंध में राजस्थान क्रिकेट संघ (RCA) ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) से अनुमति मांगी है।

RPL मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम और जोधपुर के बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। RPL में 6 से 8 टीमें शामिल हो सकती हैं।

## News Paper of 11 June, 2022

- **राज्यसभा चुनाव 2022 में राजस्थान से 4 नये सांसद बने; जिनमें से 3 कांग्रेस और 1 भाजपा से हैं–**

राज्यसभा चुनाव 2022 में राजस्थान से चार राज्यसभा सांसद/सदस्य निर्वाचित हुए। इसमें 3 कांग्रेस पार्टी समर्थक रणदीप सुरजेवाला, मुकुल वासनिक और प्रमोद तिवाड़ी तथा भाजपा पार्टी समर्थक घनश्याम तिवाड़ी हैं। इन चारों नवनियुक्त राज्यसभा सांसदों को मिलने वाले मतों में – रणदीप सुरजेवाला को 43 मत, मुकुल वासनिक को 42 मत, प्रमोद तिवाड़ी को 41 मत और घनश्याम तिवाड़ी को 43 मत प्राप्त हुए। इस तरह राजस्थान से चार राज्यसभा सीटों के लिए हुए चुनाव में 3 कांग्रेस और 1 भाजपा को राज्यसभा सीट मिली। राज्यसभा चुनाव 2022 में देश में कुल 57 सीटों पर चुनाव हुए–

| राज्य | सीटें | दल अनुसार विजेताओं की संख्या |
|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 11 | भाजपा(8) सपा(1) रालोद(1) आइएनडी(1) |
| महाराष्ट्र | 06 | भाजपा(3), शिवसेना(1), कांग्रेस(1), एनसीपी (1) |
| तमिलनाडु | 06 | द्रमुक(3) अन्नाद्रमुक(2) कांग्रेस(1) |
| बिहार | 05 | भाजपा(2) राजद(2) जद-यू(1) |
| आंध्र प्रदेश | 04 | वाइएसआरसी(4) |
| कर्नाटक | 04 | भाजपा(3) कांग्रेस(1) |
| राजस्थान | 04 | कांग्रेस(3) भाजपा(1) |
| मध्य प्रदेश | 03 | भाजपा(2) कांग्रेस(1) |

संजीव प्रकाशन
संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

| | | |
|---|---|---|
| ओडिशा | 03 | बीजद(3) |
| छत्तीसगढ़ | 02 | कांग्रेस(2) |
| हरियाणा | 02 | भाजपा(1), भाजपा-जजपा समर्थित(1) |
| झारखंड | 02 | जेएमएम(2) |
| पंजाब | 02 | आप(2) |
| तेलंगाना | 02 | टीआरएस(2) |
| उत्तराखंड | 01 | भाजपा(1) |

57 सीटों में से 41 सीटों पर निर्विरोध चुनाव हुए जिसमें 10 सीट यूपीए, 17 सीट एनडीए तथा 14 सीटें अन्य को मिलीं।

## News Paper of 12 June, 2022

- **राजस्थान के कोटा-दर्रा मार्ग पर देश की पहली 8 लेन की टनल बनाई जा रही है–**

कोटा-दर्रा मार्ग पर भारत माला परियोजना के तहत देश की सबसे चौड़ी और पहली 8 लेन की टनल बनाई जा रही है। यह टनल 4.9 किमी. लम्बी होगी। इस टनल का निर्माण ऑस्ट्रियन टनलिंग मैथड से किया जा रहा है। इस तकनीक का इस्तेमाल उन इलाकों में किया जाता है, जहाँ पर टनल बोरिंग मशीन से बनाना संभव होता है। इस तकनीक से शेटक्रेट, स्टील, लेटिस गर्डर, तार की जाली की अंदरूनी लाइनिंग बनाई जाती है।

## News Paper of 16 June, 2022

- **राजस्थान की मंजूबाला को लंदन में होने वाले कॉमनवेल्थ का टिकट मिला–**

हाल ही में मंजूबाला ने लंदन में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई कर लिया है। उन्होंने यह सफलता चेन्नई में सम्पन्न हुई नेशनल इंटर-स्टेट सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता की हैमर थ्रो स्पर्धा में 64.19 मीटर की दूरी नापते हुए यह सफलता हासिल की।

## News Paper of 19 June, 2022

- **टोल फ्री 181 नम्बर पर कॉल करने पर बीमारी के अनुसार नजदीकी अस्पताल की जानकारी मिलेगी–**

अब टोल फ्री नंबर 181 पर आमजन को कॉल करने पर बीमारी के अनुसार नजदीकी अस्पताल की जानकारी मिलेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 18 जून, 2022 को मुख्यमंत्री सेवा प्रदायगी प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक में यह व्यवस्था करने के आदेश जारी किए। अन्य कार्यों में योजनाओं का तेजी से लाभ पहुँचाने के लिए सीएम सर्विस डिलीवरी सेल का गठन किया गया।

दानदाताओं को सम्मान स्वरूप डिजिटल अभिनन्दन पत्र देने की भी घोषणा हुई।

## News Paper of 20 June, 2022

- **न्यायाधीश शम्भाजी शिवाजी शिंदे (एस.एस. शिंदे) राजस्थान हाईकोर्ट के 39वें मुख्य न्यायाधीश बने–**

हाल ही में केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट कॉलोजियम की सिफारिश के आधार पर बॉम्बे हाईकोर्ट में न्यायाधीश शम्भाजी शिवाजी शिंदे (एस.एस. शिंदे) को राजस्थान हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश (सीजे) नियुक्त किया है। वे राजस्थान के 39वें मुख्य न्यायधीश बने हैं।

न्यायाधीश एस.एस. शिंदे को अवकाश के दिनों में सुनवाई करने और सामान्य दिनों में देर रात तक कोर्ट चलाने के लिए जाना जाता है। इनका कार्यकाल 1 अगस्त, 2022 को पूरा हो जाएगा।

- **कोटा में पहली पशुपालक आवासीय योजना का शुभारम्भ–**

19 जून, 2022 को कोटा में पशुपालकों के लिए आधुनिक सुविधाओं वाली देवनारायण नगर एकीकृत आवासीय योजना का शुभारम्भ हुआ। यह इस तरह की देश की पहली आवासीय योजना है जहाँ एक साथ पशुपालकों को बसाया गया है।

यह आवासीय योजना कोटा के बंधा धर्मपुरा क्षेत्र में 105.09 हेक्टेयर भूमि पर बसाई गई है। इसमें ₹ 300 करोड़ की लागत आई तथा 1227 पशुपालकों को शिफ्ट किया जा रहा है।

पशुपालक आवासीय योजना में निम्न खास सुविधाएँ दी गई हैं—

- आवास के अग्र भाग में मवेशियों के लिए शेड बनाई गई है।
- पिछले भाग में दो कमरे, रसोईघर, शौचालय व चारा स्टोर बनाया गया है।
- डेयरी के लिए 50, भूसे गोदाम के लिए 14, खलचूरी व सामान्य व्यावसायिक उद्देश्य के 112 भूखण्ड बनाए गए हैं।
- 33 केवी ग्रिड का सब स्टेशन, पानी की टंकी व सीवरेज की व्यवस्था की गई है।
- अंग्रेजी माध्यम स्कूल, चिकित्सालय, दुग्ध मंडी, हाट बाजार, सामुदायिक भवन, पुलिस चौकी, चारागाह मैदान की व्यवस्था भी है।

- **पोकरण में पिनाका एमके-1 के एडवांस वर्जन का सफल परीक्षण–**

हाल ही में जैसलमेर की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारत में निर्मित पिनाका एमके-1 एडवांस वर्जन का सफल

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

परीक्षण किया गया। इस परीक्षण के दौरान पिनाका एमके-1 के एडवांस वर्जन ने 45 किमी. दूर टारगेट पर निशाने साधे। यह एक मजबूत रॉकेट सिस्टम है।

पिनाका एमके-1 रॉकेट सिस्टम के सम्बन्ध में महत्त्वपूर्ण तथ्य—

- पिनाका में 75 किलोमीटर तक दुश्मन पर हमला करने की क्षमता है। करगिल युद्ध के दौरान पिनाका मार्क-1 का प्रयोग हुआ था।
- पिछले 10 वर्ष से पिनाका भारतीय सेना के प्रयोग में लाई जा रही है।
- पुणे स्थित एआरडीई ने पिनाका रॉकेटों के लिए फ्यूज विकसित किए हैं।
- पिनाका एमके-1 अपग्रेडेड रॉकेट प्रणाली है, जिसका पूर्व में भी सफल परीक्षण किया गया, जो सफल रहा।
- पिनाका एमके-1 रॉकेट प्रणाली की मारक क्षमता लगभग 45 किलोमीटर है, वहीं पिनाका-2 रॉकेट सिस्टम की मारक क्षमता 60 किलोमीटर है।
- पिनाका एमके-1 रॉकेट प्रणाली को डीआरडीओ ने गुणात्मक रूप से बेहतर बनाया है।

## News Paper of 21 June, 2022

- **राजस्थान के सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क दवा सूची में दवाइयों की संख्या 1797 होगी–**

हाल ही में राजस्थान सरकार ने सरकारी अस्पतालों में सम्पूर्ण कैशलेस इलाज की सुविधा शुरू की है। अब इनमें मिलने वाली निःशुल्क दवा सूची में दवाइयों की संख्या 1797 होगी।

- **स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान फाउंडेशन का मारवाड़ी कैटालिस्ट्स कम्पनी से एमओयू–**

हाल ही में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान फाइंडेशन ने मारवाड़ी कैटालिस्ट्स कम्पनी से एमओयू किया है। मारवाड़ी कैटालिस्ट्स के पोर्ट फोलियो में 40 से अधिक स्टार्टअप और विश्व भर में 100 से अधिक क्लब हैं। राजस्थान फाउंडेशन के प्रमुख कार्यक्रम चैलेंज फॉर चेंज में मारवाड़ी कैटालिस्ट्स का सहयोग लिया जाएगा तथा राजस्थान में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में भागीदारी के लिए दोनों मिलकर कार्य करेंगे।

## News Paper of 24 June, 2022

- **बाल गोपाल योजना को मंजूरी मिली–**

23 जून, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के सरकारी स्कूलों, मदरसों व विशेष प्रशिक्षण केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए बजट भाषण में घोषित बाल गोपाल योजना को मंजूरी प्रदान की। इस योजना के तहत इनमें पढ़ने वाले बच्चों को (कक्षा 1 से 8 तक) सप्ताह में 2 दिन दूध मिलेगा। इस योजना के तहत कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को 150 एमएल तथा 6 से 8 तक को 200 एमएल दूध मिलेगा।

## News Paper of 27 June, 2022

- **600 मेडिकल कॉलेजों की नीट यूजी, पीजी व एसएस काउंसलिंग की रैंकिंग जारी; राजस्थान के तीन मेडिकल कॉलेज क्रमशः एसएमएस मेडिकल कॉलेज 8वें, कोटा मेडिकल कॉलेज 13वें तथा एम्स जोधपुर 14वें स्थान पर रहा–**

26 जून 2022 को डायरेक्टर जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एण्ड फैमिली वेलफेयर्स ने 600 मेडिकल कॉलेजों की नीट यूजी, पीजी व एसएस काउंसलिंग की रैंकिंग जारी की। इसमें टॉप यूजी रैंकिंग में राज्य के तीन मेडिकल कॉलेजों ने अंडर 100 में स्थान बनाया है। इन मेडिकल कॉलेजों में एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर 8वें, कोटा मेडिकल कॉलेज 13वें तथा एम्स जोधपुर 14वें स्थान पर रहा है।

- **राजस्थान सरकार ने राज्य की सीएनजी नीति का ड्राफ्ट जारी किया–**

राज्य सरकार ने हाल ही में राज्य सीएनजी नीति का ड्राफ्ट जारी किया है। यह ड्राफ्ट परिवहन विभाग ने पब्लिक डोमेन में जारी किया है। इसके तहत वाहनों में ग्रीन फ्यूल यानी सीएनजी को बढ़ावा दिया जाएगा। जिससे प्रदूषण के स्तर में काफी कमी आएगी।

इस नीति में राज्य के 6 शहर अलवर, जोधपुर, जयपुर, कोटा, उदयपुर और अजमेर के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।

राज्य की सीएनजी नीति के ड्राफ्ट में निम्न प्रावधान किए गए हैं—

- सीएनजी पर वैट 14.5% से घटाकर 5% किया जाएगा।
- दस साल पुराने डीजल कामर्शियल व पैसेंजर वाहनों में सीएनजी किट लगवाने पर पाँच साल का अतिरिक्त एक्सटेंशन दिया जाएगा।
- सीएनजी वाहनों को रोड टैक्स में छूट दी जाएगी।
- जो वाहन सीएनजी में कन्वर्ट होते हैं, उन्हें पुनः पंजीयन में 100 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी।
- नीति लागू होने के छह माह के भीतर जेसीटीएसएल और अन्य सिटी बस कम्पनियों को बसों के सीएनजी कन्वर्जन का प्लान तैयार करना होगा।

- **राजस्थान का दूसरा आईपीडी टावर महिला चिकित्सालय (सांगानेरी गेट, जयपुर) में बनेगा–**

जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल में राज्य के

पहले आईपीडी टावर का शिलान्यास हो चुका है। राज्य का दूसरा आईपीडी टावर महिला चिकित्सालय (सांगानेरी गेट, जयपुर) में बनेगा। इस पर कुल ₹ 117 करोड़ खर्च का प्रावधान किया गया है। महिला चिकित्सा में आईपीडी टावर बनने से अस्पताल की चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की क्षमता दुगुने से भी अधिक हो जाएगी।

**News Paper of 28 June, 2022**

- **शिक्षा मंत्रालय ने परफोर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स जारी किया जिसमें राजस्थान लेवल-3 में शामिल हुआ–**

27 जून, 2022 को शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों की स्कूली शिक्षा का परफोर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स (पीजीआई) जारी किया। इस इंडेक्स में लेवल-1 में एक भी राज्य नहीं आया है तथा लेवल-2 में पंजाब, अंडमान व निकोबार आईलैंड, चंडीगढ़, केरल और तमिलनाडु सहित पाँच राज्य शामिल हुए हैं। लेवल-3 में राजस्थान एवं हरियाणा सहित 7 राज्य शामिल हुए हैं।

**News Paper of 29 June, 2022**

- **अवनी लेखरा विश्व की नंबर एक शूटर बनीं–**

भारत की शीर्ष पैराशूटर टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाली जयपुर की अवनी लेखरा विश्व रैंकिंग की दो श्रेणियों आर2-10 एम एयर राइफल महिला एसएच1 और आर8-50एम राइफल थ्री-पोजिशन में विश्व की नंबर वन रैंक पर पहुँच गयी हैं।

- **सोयाबीन के बीज उत्पादन कार्यक्रम में किसानों को देय प्रीमियम राशि ₹ 500 से बढ़ाकर ₹ 1000 प्रति क्विंटल की गई –**

हाल ही में राजस्थान सरकार ने सोयाबीन के बीज उत्पादन कार्यक्रम में किसानों को देय प्रीमियम राशि ₹ 500 से बढ़ाकर ₹ 1000 प्रति क्विंटल की गई है। अब सोयाबीन उत्पादक किसानों को एम.एस.पी. पर ₹ 1000 प्रति क्विंटल अतिरिक्त मिलेंगे।

इसी के साथ बीज वितरण व्यवस्था मजबूत करने के लिए कृषि उपज मंडियों में 144 भू-खण्डों पर राज. स्टेट सीड्स कॉरपोरेशन के रिटेल आउटलेट निर्मित किए जाएंगे।

राजस्थान के 2022-23 के बजट भाषण में पहले कृषि बजट के अन्तर्गत 11 मिशन शुरू करने की घोषणा की गई थी, जिसमें बीज उत्पादन व बीज मिशन भी शामिल है। इसके अन्तर्गत राज. स्टेट सीड्स कॉरपोरेशन ने कृषि विभाग को संकर बाजरा प्रमाणित बीज के 8.5 लाख, मक्का के 8 लाख तथा मूँग, उड़द, मोठ के 2 लाख 8 हजार मिनी किट उपलब्ध करवाए हैं। अनुसूचित जनजाति क्षेत्र के 8 लाख किसानों को नि:शुल्क संकर मक्का बीज के मिनी किट उपलब्ध कराए हैं।

- **केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूल एवं साक्षरता विभाग ने परफोर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स फॉर डिस्ट्रिक्ट (पीजीआई-डी) रिपोर्ट जारी की; राजस्थान का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा; सीकर पहले, झुंझुनूं दूसरे और जयपुर देशभर में तीसरे स्थान पर रहा–**

हाल ही में केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूल एवं साक्षरता विभाग ने परफोर्मेंस इंडेक्स फॉर डिस्ट्रिक्ट (पीजीआई-डी) रिपोर्ट जारी की है। इसमें स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्थाएँ, संसाधनों आदि पर 600 अंकों के आधार पर जिलों का मूल्यांकन किया गया है। इसमें राजस्थान का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। राजस्थान के तीन जिले उत्कर्ष रैंक के तहत सीकर पहले, झुंझुनूं दूसरे तथा जयपुर देशभर में तीसरे स्थान पर रहा है। इन्हें क्रमश: 488, 486 व 482 अंक मिले हैं।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®

## विगत 47 वर्षों से विश्वसनीय एवं लोकप्रिय संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतु पूर्णतः पाठ्यक्रम आधारित संशोधित पुस्तकें बाजार में उपलब्ध

सभी पुस्तकों में आर्थिक समीक्षा 2021-22 एवं बजट 2022-23 के तथ्यों एवं आंकड़ों का समावेश किया गया है। रीट हेतु प्रकाशित सभी पुस्तकों का 12 अप्रैल, 2022 एवं शिक्षक ग्रेड I व II के पेपर I का मई 2022 को जारी पाठ्यक्रम के आधार पर पूर्णतः संशोधन किया गया है, जिनमें नवीनतम आँकड़ों एवं अप्रैल 2022 तक आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्नों का समावेश किया गया है।





सुप्रसिद्ध मार्गदर्शक एवं लेखक

**मनोहर सिंह कोटड़ा**

**एस.आर.आँजणा एवं दीपा रत्नू**

की सर्वोपयोगी पुस्तकें उपलब्ध

वर्ष 2022-23 का नवीनतम संस्करण देखकर खरीदें।




**संजीव प्रतियोगिता परीक्षा पुस्तकों की विशेषताऐं :** • नवीन पाठ्यक्रम का समावेश • विस्तृत एवं सटीक विषय सामग्री का समावेश • अप्रैल 2022 तक आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नों का समावेश • विगत परीक्षाओं के हल प्रश्न पत्रों का समावेश • प्रसिद्ध विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार विषय सामग्री • अशुद्धि रहित नवीनतम एवं पूर्णतः संशोधित पाठ्य सामग्री।

**अपने निकटतम पुस्तक विक्रेता से आज ही खरीदें।**

**संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें :** राजस्थान की आर्थिक समीक्षा 2021-22 का सार संग्रह; राजस्थान के बजट 2022-23 का सार संग्रह; राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी (जनवरी 2021 से प्रत्येक माह)

**प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर**

Visit us at : www.sanjivprakashan.com